## महत्वपूर्ण एवं खास

### 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 18 मई से

**रायगढ़।** 18 मई से 16 जून 2023 तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सुबह 6 से 8 बजे तक एवं शाम 5 से 7 बजे तक जिला मुख्यालय सारंगढ़ सहित सभी विकासखण्डों में किया जा रहा है। उक्त आयोजन में भाग लेने वाले खिलाड़ी खेल विधावार अपना पंजीयन करा सकते है। जिसमें जिला-रायगढ़ में खेल विधा क्रिकेट, हॉकी एवं ताईक्वांडो के लिए अमित सिंह मरकाम, दिलीप सिंह एवं एलिजा टोप्पो को प्रभारी बनाया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 88391-97988, 93018-05439 तथा 70495-03573 है। इसी तरह पुसौर में खेल विधा बैडमिंटन के लिए ठाकुर गुप्ता मोबा.नं.97526-30900, खरसिया में खेल विधा एथलेटिक्स, कबड्डी के लिए रामगोपाल पटेल मोबा.नं.73544-74012, घरघोड़ा में खेल विधा क्रिकेट, खोखो के लिए सुमन संदीप मिंज मोबा.नं.79875-32100, तमनार में खेल विधा वालीबॉल के लिए राजेश पटनायक मोबा.नं.62640-12613, लैलूंगा में खेल विधा वॉलीबॉल, खोखो के लिए देवेन्द्र मालाकार मोबा.नं.9630306542 तथा विकासखण्ड धरमजयगढ़ में खेल वालीबॉल के लिए प्रभारी अधिकारी अनिल टोप्पो मोबा.नं.90981-63165 में संपर्क कर पंजीयन करा सकते है।

### फेसबुक पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट शेयर करने वाले व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर साइबर टीप लाइन पर कार्यवाही करते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा फेसबुक आईडी से बच्चों से संबंधित अश्लील फोटो/वीडियो अपलोड करने वाले व्यक्ति नरेश पटवा पिता शिवदयाल पटवा निवासी बजरंगपारा रायगढ़ पर धारा 67 (ख) आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एनसीआरबी नई दिल्ली से पुलिस मुख्यालय नया रायपुर को प्राप्त हुये जिले से संबंधित साइबर टीप लाइन पर जिले में लगातार कार्यवाही की जा रही है। गत दिनों साइबर सेल रायगढ़ द्वारा थाना कोतवाली को जांच के लिये भेजे गये सायबर टीप लाइन की जांच थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा किया गया, जांच पर सोशल मीडिया पर बच्चों से संबंधित अश्लील फोटो/विडियो संदेही मोबाइल धारक का पतासाजी किया गया जो नरेश पटवा निवासी बजरंगपारा वार्ड नंबर 13 रायगढ़ का होना गया तथा शेयर की गई कंटेट भी आपत्तिजनक पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में प्रधान आरक्षक नंद कुमार सारथी एवं संजय तिवारी की विशेष भूमिका रही है।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र और नवीनीकरण के लिए सारंगढ़ में 19 मई को शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले में निवासरत दिव्यांगों का डोर टू डोर सर्व कराया गया है। जिले में यूडीआईडी पंजीयन, दिव्यांगो के आंकलन सह प्रमाणीकरण हेतु तीनों ब्लॉक में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सारंगढ़ में यह शिविर शुक्रवार 19 मई 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड की टीम उपस्थित रहेंगे। ऐसे दिव्यांग, जिनके प्रमाण पत्र नहीं है, उनके प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे साथ ही साथ दिव्यांगों के प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। सभी दिव्यांग अपने 2 पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड और पुराने दिव्यांग प्रमाण पत्र यदि बना हो, उनके ओरिजनल और फोटोकापी साथ में लाएं। आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज दिव्यांग बच्चों को प्रमाणीकरण के लिए शिविर में लाने और वापस पहुंचाने की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग को होगी।

# छत्तीसगढ़ के 'राष्ट्रीय रामायण महोत्सव' में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के रामायण 'झांकी प्रदर्शन समूह' की होगी भागीदारी

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनिक प्रमुखों को लिखा पत्र: रामायण 'झांकी प्रदर्शन समूह' को किया आमंत्रित
- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी से राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की बढ़ेगी भव्यता और गरिमा
- छत्तीसगढ़ का श्रीराम, माता कौशल्या और महाकाव्य रामायण से है गहरा संबंध
- पत्र में छत्तीसगढ़ की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की दी जानकारी
- महोत्सव में प्रस्तुत की जाने वाली नृत्य नाटिका का विषय महाकाव्य रामायण के अरण्य-कांड पर होगा आधारित
- 01 से 03 जून 2023 तक कला और संस्कृति की नगरी रायगढ़ में होगा राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हो रहे राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के रामायण 'झांकी प्रदर्शन समूह' को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनिक प्रमुखों को पत्र भेजकर छत्तीसगढ़ में 01 से 03 जून 2023 तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय रामायण महोत्सव 2023 में उनसे उनके राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के रामायण 'झांकी प्रदर्शन समूहÓ की भागीदारी का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी से इस राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की भव्यता और गरिमा बढ़ेगी। बघेल ने पत्र में यह भी लिखा है कि राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के अंतर्गत प्रतियोगी कार्यक्रम होंगे, जिसमें प्रस्तुत की जाने वाली नृत्य नाटिका का विषय महाकाव्य रामायण के अरण्य-कांड पर आधारित होगा। छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति की नगरी रायगढ़ के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य धार्मिक व सांस्कृतिक विरासतों से समृद्ध एक ऐसा प्रदेश है, जिसका श्रीराम, माता कौशल्या व उनके जीवन चरित्र पर आधारित महाकाव्य रामायण से बहुत गहरा संबंध है। हमारे राज्य को श्रीराम की माता कौशल्या की जन्मभूमि होने का विशेष गौरव प्राप्त है। माता कौशल्या का जन्म तत्कालीन दक्षिण कोसल में हुआ था, जो वर्तमान छत्तीसगढ़ में है। माता कौशल्या को उनके उदार भाव, उनके ज्ञान व श्रीराम के प्रति उनके वात्सल्य भाव के लिये जाना जाता है, यही कारण है कि उन्हें मातृत्व भाव के प्रतीक के रूप में कई स्थानों पर पूजा जाता है, परंतु छत्तीसगढ़ राज्य एक मात्र ऐसा प्रदेश है जहां माता कौशल्या को समर्पित मंदिर स्थापित है, यह मंदिर रायपुर जिले में चन्द्रखुरी नामक स्थान पर स्थित है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि भगवान राम धर्म व सदाचार के प्रतीक के रूप में हमारे देश सहित विदेशों में भी सर्वाधिक पूजनीय देवता है। श्रीराम के चरित्र को सदैव ही एक आदर्श राजा, एक आदर्श पति, एक आदर्श भाई व एक आदर्श पुत्र के रूप में चित्रित किया गया है। रामायण में उनके द्वारा किये गये कार्यों व उनकी शिक्षाओं ने प्राचीन काल से पीढ़ियों को नैतिकता के मार्ग पर चलने व उनका अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि भगवान राम ने अपने 14 वर्ष के वनवास के लगभग 10 वर्ष अधिकांशत: दण्डकारण्य (ज्यादातर वर्तमान छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा, तेलंगाना व आंध्रप्रदेश भी) में व्यतीत किये हैं एवं उक्त सभी स्थानों पर श्रीराम की उपस्थिति से संबंधित बहुत सी कथाएं प्रचलित हैं। मध्य भारत में स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश के वनक्षेत्र के संदर्भ में ऐसी धारणा है कि श्रीराम ने अपने वनवास अवधि का एक महत्वपूर्ण भाग यहां व्यतीत किया था, इसलिए इस क्षेत्र में श्रीराम को समर्पित बहुत से मंदिर एवं पवित्र स्थल स्थित हैं एवं इन स्थलों को तीर्थ स्थली भी माना जाता है। यह क्षेत्र कई आदिवासी समुदायों का भी निवास स्थान माना जाता है, जिन्होंने सदियों से अपने पूर्वजों की परंपराओं व संस्कृति को सहेज कर रखा है। श्रीराम ने छत्तीसगढ़ की दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण नदियां शिवनाथ व महानदी के तट के निकट अपने वनवास का अधिकांश समय बिताया था।

बघेल ने लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार प्रदेश के समृद्ध सांस्कृतिक व धार्मिक विरासतों के संरक्षण व प्रचार-प्रसार के लिए पूर्णतया समर्पित है। श्रीराम तथा रामायण हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा हैं। अपनी विरासतों एवं श्रीराम से अपने संबंधों के संरक्षण हेतु अपने सतत् प्रयासों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा माता कौशल्या को समर्पित मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है तथा वार्षिक कौशल्या महोत्सव भी मनाया जा रहा है। साथ ही भगवान श्रीराम की यात्रा से जुड़े स्थलों को एक क्रम में व्यवस्थित कर राम वन गमन पथ के रूप में मान्यता देने का कार्य भी राज्य शासन द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य शासन द्वारा प्रथम राज्य स्तरीय रामायण मानस मंडली प्रतियोगिता 08 अप्रैल 2022 से 10 अप्रैल 2022 तक जिला जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण नामक नगर में आयोजित किया गया एवं द्वितीय राज्य स्तरीय रामायण मानस मंडली प्रतियोगिता का आयोजन 16 फरवरी 2023 से 18 फरवरी 2023 तक गरियाबंद जिला के राजिम में आयोजित किया गया, जिसमें वियतनाम व श्रीलंका के विदेशी सांस्कृतिक दलों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी।

## चक्रधरनगर पुलिस की कार्यवाही में नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला आरोपी युवक पॉक्सो एक्ट में गया जेल

**रायगढ़।** बीते शनिवार 12 मई को थाना चक्रधरनगर में बालिका के परिजन उनकी नाबालिग लड़की के 10 मई के सुबह बिना बताए घर से कहीं जाना और वापस नहीं आने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। परिजनों ने बताया कि लड़की की सहेलियों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर जानकारी लिए पर लड़की का कहीं पता नहीं चला है। थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध कर लापता बालिका की पतासाजी में लिया गया। थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा जांचकर्ता से लापता बालिका के जांच के अपडेट लिये और स्वयं बालिका के परिजन, सहेलियों और जान परिचितों से पूछताछ का जानकारी जुटाये जिसमें बालिका के गांव के युवक दिलीप राठिया (उम्र 24 वर्ष) के साथ बालिका के मैत्री संबंध होने की जानकारी मिली और दिलीप राठिया के भी पिछले कुछ दिनों से घर से गायब होने का पता चला जिस पर दिलीप राठिया को संदिग्ध मानकर पुलिस उसकी पतासाजी में जुट गई। पतासाजी दौरान दिलीप राठिया के बिलासपुर में होने का पता चलने पर तत्काल चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर दिलीप को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे में लापता बालिका मिली है।

बालिका का महिला विवेचक के समक्ष कथन कराया गया, बालिका ने बताया कि उसे दिलीप ने शादी का प्रलोभन देकर बिलासपुर ले गया, जहां उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया। कथन और मेडिकल के आधार पर प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीसी 4,6 पोक्सो एक्ट के तहत धाराएं विस्तारित की गई। साथ ही आरोपी दिलीप राठिया का मेडिकल कराकर उसे दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जहां से जेल वारंट पर उसे जेल दाखिल किया गया है।

## अवैध प्लाईऐश के लिए जारी वॉट्सअप हेल्प लाईन नंबर पर मिली शिकायत, अपवहनकर्ता उद्योगों पर की गई कार्यवाही

- 3 उद्योगों के 7 वाहनों पर 1500 रुपये प्रतिटन की दर से की गई क्षतिपूर्ति अधिरोपित
- कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन पर हेल्प लाईन नंबर पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर हो रही लगातार कार्यवाही

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने गत दिवस परिवहन, माइनिंग एवं पर्यावरण विभाग को संयुक्त टीम बना कर जिले में अवैध फ्लाईऐश वाहन के डंपिंग एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। साथ ही उन्होंने परिवहन के दौरान नियम का पालन नही करने वाले वाहनों का फोटोग्राफ एवं शिकायत मैसेज भेजने के लिए पर्यावरण अधिकारी को व्हाट्सअप नंबर जारी करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर पर्यावरण अधिकारी द्वारा जन सामान्य की सुविधा के लिए फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग, परिवहन के संबंध में जानकारी व शिकायत के लिए व्हाट्सअप नंबर 7987033406 जारी किया गया था। व्हाट्सअप हेल्प लाईन नंबर पर मिली शिकायत के आधार पर पर्यावरण विभाग द्वारा 3 उद्योगों के 7 वाहनों पर 1500 रुपये प्रतिटन की दर से क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है।

क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्लाईऐश वॉट्सअप हेल्प लाईन नंबर पर प्राप्त शिकायतों पर संबंधित अपवहनकर्ता उद्योगों पर कार्यवाही की गई है। जिसमें उद्योग मेसर्स जे.एस.डब्ल्यू.इस्पात स्पेशल प्रोडक्ट्स लिमिटेड, ग्राम-नहरपाली, रायगढ़ के 1 वाहन पर, मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड, लारा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट, ग्राम-लारा, तहसील-पुसौर के 3 वाहनों पर एवं मेसर्स एस.के.एस.पॉवर जनरेशन (छत्तीसगढ़) लिमिटेड, ग्राम-बिंजकोट, तह-खरसिया के 3 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। इसी प्रकार मेसर्स आर.के.एम.पॉवरजेन प्रा. लि.ग्राम-उच्चपिण्डा, तहसील-डभरा, जिला-सक्ती पर क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। साथ ही मेसर्स जे.एस.डब्ल्यू.इस्पात स्पेशल प्रोडक्ट्स लिमिटेड, ग्राम-नहरपाली, जिला-रायगढ़, मेसर्स जिंदल पॉवर लिमिटेड, तमनार एवं मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड, लारा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट, ग्राम-लारा, तहसील-पुसौर को फ्लाईऐश परिवहन एवं अपवहन व्यवस्था में सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह हेल्प लाईन नंबर पर प्राप्त शिकायतों पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ द्वारा संज्ञान लेते हुए ऐसे वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## जूटमिल पुलिस ने गुडगहन हत्या मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुड़गहन पटेलपारा तलाब के पास परमेश्वर साव पिता रोहित साव उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 15 गढउमरिया के हत्या मामले के आरोपी निकेश उर्फ सिन्नू साहू को जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

15 मई को ग्राम गुड़गहन में युवक की हत्या की सूचना पर तत्काल नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, जूटमिल पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। जहां युवक परमेश्वर साव का शव मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। पंचानामा कार्यवाही बाद शव को पोर्स्टमार्टम के लिये रवाना कर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व जूटमिल पुलिस संदिग्धों की धरपकड़ की गई। घटना को लेकर देर रात्रि गढ़उमरिया के गौतम कुमार साव के रिपोर्ट पर आरोपी सिन्नू साव पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर हिरासत में लिये गये संदिग्धों से पृथक-पृथक पूछताछ कर ब्यानों को क्रास चेक किया गया। पकड़े गये संदेही निकेश उर्फ सिन्नू साहू ने पूछताछ में हत्या का अपराध स्वीकार कर बताया कि मृतक परमेश्वर उर्फ भूतकुलु उसी के गांव का रहने वाला है। दोनों एक साथ बड़े हुए हैं, बचपन से ही दोनों की अच्छी नहीं बनती थी। दोनों के बीच कई बार झगड़ा विवाद हुआ है। निकेश ने बताया कि वह अपने पास एक बटन चाकू रखा करता था। 15 मई को निकेश अपने दोस्तों के साथ गुड़गहन गया था, जहां वे अक्सर जाया करते थे। सभी दोस्त खाने पीने की तैयारी में थे। उसी वक्त परमेश्वर उर्फ भूतकुलु अपने पल्सर मोटरसाइकिल से आया और निकेश से झगड़ा विवाद करने लगा जिसे निकेश के दोस्त छुड़ाने लगे। निकेश ने बताया कि परमेश्वर ने उसका गला दबा दिया था उसने अपने आप को छुड़ाकर अपने पास रखें चाकू से परमेश्वर पर कई बार हमला किया जिससे परमेश्वर वहीं गिरकर फौत हो गया।

जूटमिल टीआई द्वारा हत्या के आरोपी निकेश उर्फ सिन्नू साहू पिता केशव साहू उम्र 20 वर्ष निवासी गढ़उमरिया थाना जूटमिल जिला रायगढ़ के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू, घटना समय पहने कपड़े और भी महत्वपूर्ण साक्ष्य जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन में संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव, सहायक उपनिरीक्षक शशिदेव भोई एवं हमराह स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## शादी रिसेप्शन से कैमरामैन की डेढ़ लाख रुपए की कैमरे की चोरी, चौकी खरसिया पुलिस के हाथ आया आरोपी



**रायगढ़।** चौकी खरसिया पुलिस ने 12 मई को खरसिया शहर के नवापारा रोड वनांचल केयर के पास एक शादी समारोह के रिसेप्शन कार्यक्रम से कैमरामैन की सोनी कंपनी के कैमरे और कॉम्बो गिम्बल की चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा गया है जिससे करीब 1,82,000 रूपये के कीमती समान बरामद किये गये हैं।

संजय नगर खरसिया में रहने वाला अमित अजग्गले पिता भरत अजग्गले (उम्र 25 वर्ष) द्वारा 14 मई को थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराया बताया कि 12 मई को पंकज पटेल की शादी रिसेप्शन वनांचल केयर के पीछे खेत में था, जहां रात करीब 12:00 बजे स्टेज पर शूटिंग करने के बाद स्टेज पर अपने सोनी कंपनी के कैमरा सेट और कॉम्बो गिम्बल को रखकर खाना खाने चला गया करीब आधा घंटा बाद स्टेज पर आया तो कैमरा सेट नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। पुलिस चौकी खरसिया में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 230/2023 धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

माल मुल्जिम पतासाजी दौरान चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक अमिताभ खांडेकर द्वारा गवाहों से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज चेक किये और अपने सक्रिय मुखबिरों को कैमरे के संबंध में जानकारी देने कहा गया था। आज सुबह चौकी प्रभारी खरसिया को मुखबिर द्वारा ग्राम बगबुडवा खरसिया के गोविंदा सिदार द्वारा रिसेप्शन कार्यक्रम दौरान कैमरा सेट चोरी कर ले जाने की सूचना दिया गया। तत्काल चौकी प्रभारी अमिताभ खांडेकर अपने स्टाफ के साथ संदेही को हिरासत में लिया गया। संदेही गोविंदा सिदार ने बताया कि 12 मई को शादी समारोह में रात के करीब सवा बारह बजे स्टेज से कैमरे की चोरी कर अपने घर में छिपाकर रखा है। चौकी खरसिया पुलिस द्वारा आरोपी गोविंदा सिदार पिता दुबराज सिदार उम्र 25 साल निवासी बगबुडवा थाना खरसिया के घर से चोरी का कैमरा कीमत 1,50,000 रूपये एवं कोंबो गिम्बल कीमत 32,000 रूपये कुल रु.1,82,000 की संपत्ति आरोपी से बरामद कर आरोपी को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में प्रधान आरक्षक शंकर क्षत्रिय, आरक्षक कीर्ति सिदार, मुकेश यादव, साविल चंद्रा की विशेष भूमिका ही है।

# जिले के गोबर बिक्री करने वाले पशुपालकों को किया गया साढ़े 12 करोड़ से अधिक का भुगतान

- फसल परिवर्तन एवं जैविक कृषि के लिए किसानों को करें प्रोत्साहित-कलेक्टर सिन्हा
- किसानों को अग्रिम खाद बीज उठाव के लिए प्रोत्साहित करने के दिए निर्देश
- किसानों को जागरूक करने किसान संपर्क अभियान किया जाएगा प्रारंभ
- सोसाइटी में वर्मी खाद भण्डार में लाए तेजी
- वृक्षारोपण की तैयारियों की ली जानकारी, कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण के दिए निर्देश
- कृषि, मछली, सहकारिता, वन, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग ली संयुक्त बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन, सहकारिता, वन एवं पशुपालन विभाग की संयुक्त बैठक ली। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि गोधन न्यान योजना में जिले की स्थिति अच्छी है, यही कारण है कि गोबर बिक्री के फलस्वरूप पशुपालकों को अच्छी आय प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया जा रहा है। खेती किसानी को देखते हुए वर्मी कम्पोस्ट का सोसाइटियों में भण्डारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को आसानी से उपलब्ध हो सके। कलेक्टर सिन्हा ने जिले के किसानों को जैविक कृषि एवं फसल परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोठानों में चारा, पानी शेड जैसे मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करें। कलेक्टर सिन्हा ने गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के साथ अन्य गतिविधियों का सतत् एवं सुचारू संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए दिए गए लक्ष्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी खरीफ फसल में धान के रकबा को दलहन, तिलहन में परिवर्तित करने के निर्देश दिए, साथ ही मिलेट मिशन के अन्तर्गत रागी, कोदो एवं कुटकी के क्षेत्र विस्तार करने को कहा। उन्होंने बीज निगम को इसके लिए उन्नत किस्म के प्रमाणीकृत बीज किसानों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खाद, बीज भण्डारण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने किसानों को बारिश से पूर्व अग्रिम खाद एवं बीज उठाव के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारी को खाद बीज सही समय एवं सही दाम में मिले सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर सिन्हा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए किसानों को प्रोत्साहित, किसान सम्मान निधि चिन्हांकित किसानों को ईकेवाईसी, आधार लिंक जैसे कार्य को प्राथमिकता के साथ करने एवं खाद निरीक्षकों को खाद का सैंपल लैब में भेजने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में उन्होंने उद्यानिकी विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए सीड प्रोडक्सन के लिए कार्ययोजना बनाने, धान के बदले अन्य फसल पर किए जा रहे कार्य, वृक्षारोपण की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि सभी कार्य प्रगतिरत है एवं वृक्षारोपण के लिए भूमि चिन्हांकित किया जा चुका है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि विभाग द्वारा ऑयल पॉम पर अच्छा कार्य किया जा रहा है, अन्य किसानों को भी प्रोत्साहित करें। साथ ही उनका केसीसी भी बनाया जाए। कलेक्टर सिन्हा ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि डेयरी उत्पादन की दिशा में कार्य करें। कलेक्टर सिन्हा ने विभागीय अधिकारी को कहा कि जिले में पशुओं की बड़ी संख्या है, अत: टीकाकरण अभियान प्रारंभ कर पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। कलेक्टर सिन्हा ने मछली पालन की समीक्षा करते हुए विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मछुवारों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बायोफ्लॉक बनाने एवं निस्तारी तथा गर्मी में सूखने वाले तालाबों को छोड़कर सभी तालाबों का मछली पालन हेतु पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर भरत ध्रुव, उप संचालक कृषि वर्मा, अपेक्स बैंक अधिकारी सोढ़ी, सहायक संचालक उद्यानिकी कमलेश दीवान, सहायक संचालक मछली पालन पाटले, पशुपालन, सहकारिता, बीज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**पशुपालकों को किया गया साढ़े 12 करोड़ से अधिक का भुगतान-** उप संचालक कृषि द्वारा बताया कि जिले के गौठानों में कुल 6 लाख 38 हजार 192.21 क्विंटल गोबर खरीदी की गई थी। इसमें पशुपालकों को 12 करोड़ 76 लाख 38 हजार 442 रूपए का भुगतान किया गया है।

**जैविक कीटनाशी ब्रम्हास्त्र एवं वृद्धिवर्धक जीवामृत बनाने में लाए तेजी-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले में गौमूत्र की अच्छी खरीदी हुई है, जिसके परिणाम स्वरूप जैविक कीटनाशी ब्रम्हास्त्र एवं वृद्धिवर्धक जीवामृत बनाने में अपेक्षाकृत कम तेजी है। उन्होंने गोठानों में जैविक कीटनाशी ब्रम्हास्त्र एवं वृद्धिवर्धक जीवामृत बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि प्रगतिशील किसानों को जैविक कृषि के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे किसान अपने फसल में जैविक ब्रम्हास्त्र एवं जीवामृत का लाभ लेंगे। इसके साथ ही लैलूंगा में जैविक खेती मिशन अन्तर्गत किसानों को वर्मी कम्पोस्ट के साथ ही जैविक कीटनाशी एवं वृद्धिवर्धक प्रदान की जाएगी। जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में जैविक कीटनाशी ब्रम्हास्त्र एवं वृद्धिवर्धक जीवामृत बनाना सुनिश्चित करें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480